दिन– सोमवार | दिनांक– 28 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक की।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कई जानी–मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को मरणोपरांत पद्म भूषण।

03. नीट प्रतियोगिता परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को आर्थिक अपराध इकाई ने पूछताछ के लिए और दो दिनों के लिए रिमांड पर लिया।

04. और, मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में ओलावृष्टि, तेज बारिश और आंधी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया। लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की।

---

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्पन्न स्थिति को लेकर बैठकों का दौर जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक की। दोनों नेताओं के बीच लगभग 40 मिनट तक चली बैठक के दौरान ताजा स्थिति को लेकर चर्चा की गई। इसके पूर्व कल प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की थी और पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना द्वारा लिए गए निर्णयों पर चर्चा की थी।

---

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने के लिए डॉन न्यूज, समा टीवी, एआरवाई न्यूज और जियो न्यूज सहित 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

इस पाकिस्तानी यूट्यूब चौनलों पर सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान फैलाने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंधित चौनलों के 6 करोड़ तीस लाख से अधिक दर्शक हैं। सरकार ने हमले पर बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर भी आपत्ति जताई है और भारत के बी.बी.सी. प्रमुख को देश की भावनाओं से अवगत कराया है।

आतंकवादी को उग्रवादी कहने के लिए बी.बी.सी. को एक औपचारिक पत्र भी भेजा गया है और आगे विदेश मंत्रालय द्वारा बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर नज़र रखी जाएगी। दिवाकर की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पाकिस्तान को उसकी करनी की सजा जरूर मिलेगी। श्री जायसवाल ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हर बयान जिम्मेदारी से पूर्ण होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जानते है कि आतंकियों के खिलाफ कब और कैसे जवाब देना है।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेताओं पर पहलगाम आतंकी हमलें को लेकर अनर्गल बयानबाजी करने का अरोप लगाया है। श्री प्रसाद ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार के साथ एकजुटता दिखाई लेकिन पार्टी के कई बड़े नेता अपनी टिप्पणी से देश को बदनाम कर रहे हैं। श्री प्रसाद ने कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से इनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

———बाइट———

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज शाम राष्ट्रपति भवन में नागरिक सम्मान समारोह में कई जानी–मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को मरणोपरांत, पद्म भूषण और मुजफ्फरपुर की निर्मला देवीा को वस्त्रकला के लिए पद्मश्री प्रदान किया गया।

———उद्घोषणा———

कला, समाज सेवा, जनहित कार्य, विज्ञान और अभियांत्रिकी, व्यापार तथा उद्योग, चिकित्सा, साहित्य तथा शिक्षा, खेलकूद और लोकसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अन्य कई हस्तियों को यह सम्मान प्रदान किया गया। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाइट———

इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। जिसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। प्रमुख पद्म पुरस्कार विजेताओं में वायलिन वादक और संगीतकार डॉ. एल० सुब्रह्मयमण्यम और गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डी. नागेश्वर रेड्डी हैं। पद्म विभूषण पुरस्कार विजेताओं में प्रख्यात संपादक और प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष ए. सूर्य प्रकाश, सिने अभिनेता अनंतनाग नन्दमुरी बालकृष्ण और एस. अजित कुमार, भरत नाट्यम नृत्यांगना शोभना चन्द्रकुमार और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पी.आर. श्रीजेश शामिल हैं। गोवा के सौ वर्षीय स्वतंत्रता सैनानी लीविया लोबो सर्देसाई, 96 वर्षीय चमडे की कठपुतली कलाकार हिमब्बा, टोडावलप्पा, सिल्कीयधारा और महाराष्ट्र में चार सौ हैक्टेयर जंगल का संरक्षण करने वाले चौतराम देवचंद पवार जैसे कई गुमनाम नायकों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए की रणनीति पर विचार किया गया। श्री मांझी ने कहा कि एनडीए पूरी एकजुटता के साथ विधानसभा चुनाव में दो सौ पच्चीस सीटों की जीत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जून में एनडीए नेताओं की बैठक में सीट शेयरिंग समेत अन्य मुद्दों पर भी बातचीत कई जायेगी।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि परिसीमन में बिहार की जनसंख्या के अनुरूप लोकसभा और विधानसभा की सीटें बढ़ाई जानी चाहिए। श्री कुशवाहा ने पटना में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में सीटों की संख्यां बढ़ानें को लेकर पार्टी द्वारा संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत पच्चीस मई को शाहाबाद और आठ जून को मुजफ्फरपुर में कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि बगहा में आयोजित पार्टी के राजनीतिक मंथन शिविर में परिसीमन सहित कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया और इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित किया गया।

———बाइट———

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विधानसभा चुनाव अपने निर्धारित समय पर होगा। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में जाति की नहीं बल्कि विकास की राजनीति चलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता चुनाव में महागठबंधन को करारा जवाब देगी।

---बाइट---

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकाल में ही ताड़ी व्यवसाय पर रोक लगी थी और अब राजद नेता तेजस्वी प्रसाद इस पर राजनीति कर रहे है। श्री चौधरी ने कहा नीरा उत्पादन के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को रोजगार देने का काम किया है।

---बाइट---

---

नीट पेपर लीक मामले का मुख्य आरोपी संजीव मुखिया की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है। न्यायालय ने आज मुख्य सरगना की रिमांड की आर्थिक अपराध इकाई की आग्रह को मंजूर कर लिया है। इसके बाद संजीव मुखिया को दो दिन की रिमांड पर ईओयू को सौंप दिया गया है।

---

भारतीय हज समिति ने इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं से अल्प संख्यक मंत्रालय के हज सुविधा ऐप टू प्वाइंट ओ के प्रयोग की अपील की है। समिति ने कहा है कि सरकार का हज सुविधा ऐप टू प्वाइंट ओ अत्यंत उपयोगी है। इसके इस्तमाल से हाजियों को पवित्र यात्रा के दौरान जरूरी सूचना प्राप्त करने में काफी सुविधा होगी। समिति ने ऐप डाउनलोड करने और इसका इस्तेमाल सीखने की सलाह दी है। गौरतलब है कि इस वर्ष राज्य से दो हजार तीन सौ तेरासी हज यात्री जायेंगे।

हज यात्रा के लिए दो मई को गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहली जत्था रवाना होगी।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज भी मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने पटना, नालंदा, भोजपुर, गया, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सारण, पश्चिम चम्पारण, खगड़िया, कैमूर, बांका, जमुई और रोहतास समेत पच्चीस जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित कई जिलों में गरज और तेज हवा के साथ तेज बारिश दर्ज की गई। हमारे मधुबनी संवाददाता ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में बारिश से जल जमाव की स्थिति बन गई है। वहीं, दरभंगा जिले के विभिन्न भागों में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

---

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। प्राधिकरण ने परामर्श जारी कर कहा है कि बारिश के दौरान लोग अनावश्यक रूप से घर से बाहर खुले में न रहें और वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थानों में ही शरण लें।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि विभागीय कार्यों के नियमित निरीक्षण से कार्य प्रणाली में सुधार होता है। श्री सरावगी ने आज पटना में भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में भूमि सुधार उप समाहर्ताओं के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आम लोगों से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। उन्होंने डीसीएलआर से कोर्ट लगाकर मामलों का निपटारा कर रिपोर्ट ऑनलाइन करने को कहा है। श्री सरावगी ने कहा कि इससे आम लोगों की परेशानी कम होगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना जंक्शन के पास बन रहे भूमिगत पैदल यात्री मार्ग–सब–वे का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने सब–वे के बचे हुए कार्य को जल्द पूरा कर इसे शुरू करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अशोक राजपथ पर गांधी मैदान से एनआईटी मोड़ तक निर्माणाधिण डबल डेकर पुल का भी निरीक्षण किया। इस पुल के शुरू हो जाने से अशोक राजपथ पर आवागमण सुगम हो जायेगा।

---

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में तीन दिवसीय चौवनवां श्रेत्रिय खेल समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

---

बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान घुमंतू परिवार के बच्चों को सड़क किनारे कचरा चुनते देख उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में रखने का निर्देश दिया है।

---

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस ने बावन अपराधियों को भारी मात्रा में शराब और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक की।
02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कई जानी–मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को मरणोपरांत पद्म भूषण।
03. नीट प्रतियोगिता परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया को आर्थिक अपराध इकाई ने पूछताछ के लिए और दो दिनों के लिए रिमांड पर लिया।
04. और, मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में ओलावृष्टि, तेज बारिश और आंधी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया। लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की।

---

समाप्त